भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-2827**
उत्तर दिनांक 06/08/2025 को दिया गया

**प्रचालनरत परमाणु ऊर्जा संयंत्र**

2827. डॉ. हेमंत विष्णु सवरा
श्री रमेश अवस्थी
डॉ. मन्ना लाल रावत
श्री लुम्बाराम चौधरी
श्री कंवर सिंह तंवर
श्रीमती अपराजिता सारंगी
डॉ. हेमांग जोशी
श्री जनार्दन मिश्रा

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में प्रचालनरत परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की कुल संख्या कितनी है और उनकी कुल क्षमता कितनी है;

(ख) निर्माण के विभिन्न चरणों में चल रही परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) उपरोक्त परियोजनाओं के पूरा होने के बाद कुल स्थापित क्षमता (मेगावाट में) कितनी हो जाना परिकल्पित है;

(घ) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित तारापुर परमाणु ऊर्जा स्टेशन, विशेषकर अपने रिएक्टरों के नवीनीकरण के कारण, परिचालन संबंधी समस्याओं और विलंब का सामना कर रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा संयंत्र की वर्तमान स्थिति क्या है और उसकी कुल क्षमता कितनी है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) वर्तमान में, देश में स्थापित कुल नाभिकीय विद्युत क्षमता 24 रिएक्टरों को मिलाकर 8780 मेगावाट है, जिसमें आरएपीएस-1 (100 मेगावाट) शामिल नहीं है, जो लंबे समय से बंद है। इन 24 रिएक्टरों में से 4 रिएक्टर - तारापुर परमाणु बिजलीघर इकाई-1 व 2 (2 x 160 मेगावाट), मद्रास परमाणु बिजलीघर इकाई-1 (1x220 मेगावाट) और कैगा परमाणु बिजलीघर इकाई-1 (1x220 मेगावाट) वर्तमान में नवीनीकरण और उन्नयन गतिविधियों के लिए परियोजना मोड में हैं और शेष 20 रिएक्टर प्रचालनरत हैं।

(ख) विवरण निम्नानुसार है:

| राज्य | स्थल | परियोजना | क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|
| **निर्माणाधीन परियोजनाएं** | | | |
| राजस्थान | रावतभाटा | आरएपीपी-8 | 1 X 700 |
| तमिलनाडु | कुडनकुलम | केकेएनपीपी-3 व 4 | 2 X 1000 |
| | | केकेएनपीपी-5 व 6 | 2 X 1000 |
| | कल्पाक्कम | *पीएफबीआर*& | 1 X 500 |
| हरियाणा | गोरखपुर | जीएचएवीपी-1 व 2 | 2 X 700 |
| **पूर्व-परियोजना गतिविधियों के अधीन परियोजनाएं** | | | |
| कर्नाटक | कैगा | कैगा-5 व 6 | 2 X 700 |
| हरियाणा | गोरखपुर | जीएचएवीपी-3 व 4 | 2 X 700 |
| मध्य प्रदेश | चुटका | चुटका-1 व 2 | 2 X 700 |
| राजस्थान | माही बांसवाड़ा | माही बांसवाड़ा-1 व 2* | 2 X 700 |
| | | माही बांसवाड़ा-3 व 4* | 2 X 700 |

*& भाविनि द्वारा क्रियान्वित*
** अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड (अश्विनी) को सौंपा गया।*

(ग) कार्यान्वयनाधीन परियोजनाओं की प्रगतिशील पूर्णता के साथ ही, स्थापित नाभिकीय विद्युत क्षमता वर्ष 2032 तक 22,380 मेगावाट तक पहुंचने की आशा है।

(घ) तारापुर, महाराष्ट्र में चार रिएक्टर इकाइयां हैं: इकाई-1 व 2 (2 x 160 मेगावाट) और इकाई-3 व 4 (2 x 540 मेगावाट)। वर्तमान में, इकाई-3 व 4 प्रचालनरत हैं, जबकि इकाई-1 व 2 (2 x 160 मेगावाट) का आधुनिकीकरण और उन्नयन कार्य चल रहा है। इन गतिविधियों के पूरा होने पर, इकाई-1 व 2 को नियामक स्वीकृति के अनुरूप पुनः चालू किया जाएगा।

(ङ) कुल 2800 मेगावाट क्षमता की माही बांसवाड़ा नाभिकीय विद्युत परियोजना में इकाई 1 व 2 (2x700 मेगावाट) और इकाई 3 व 4 (2x700 मेगावाट) शामिल हैं। भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वैधानिक पर्यावरणीय स्वीकृति और परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद से स्थल चयन की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में, स्थल विशेष पर पूर्व-परियोजना गतिविधियाँ प्रगति पर हैं।

*****